सप्तदश

बिहार विधान सभा

दशम सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{16 कार्तिक, 1945 (श०)}}{\text{07 नवम्बर, 2023 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 06

(1)	शिक्षा विभाग	05
(2)	परिवहन विभाग	01
	कुल योग --	06

परीक्षा में शामिल करना

1. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 अक्टूबर, 2023 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''सूबे में एक लाख छात्र नहीं दे पायेंगे परीक्षा'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार बोर्ड के नियमानुसार मैट्रिक और इंटर के सभी विद्यार्थियों का कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक 2,66,564 छात्रों का नामांकन रद्द किया गया है जिन्हें परीक्षा में शामिल नहीं किया जायेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

लाईब्रेरियन की बहाली

2. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 8 अक्टूबर, 2023 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''स्कूल से लेकर कॉलेज तक लाईब्रेरियन की भारी कमी'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के स्कूलों में लगभग 8 हजार और विश्वविद्यालय में लगभग 2 हजार लाईब्रेरियन के पद रिक्त हैं, जिसके कारण छात्र/छात्राओं को लाइब्रेरी की सुविधा प्रदान करने में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में पिछले एक दशक से स्कूलों और विश्वविद्यालयों में लाईब्रेरियन की नियुक्ति नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्कूलों और विश्वविद्यालयों में लाईब्रेरियन की बहाली करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कम्प्यूटर लगाना

3. श्री प्रेम कुमार (क्षेत्र संख्या-230 गया टाउन)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 मार्च, 2023 को प्रकाशित शीर्षक ''शिक्षक तो हो रहे प्रशिक्षित पर 25 प्रतिशत स्कूलों में ही लगाये गये कम्प्यूटर'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को कम्प्यूटर में प्रशिक्षित किया जा रहा है, लेकिन मात्र 25 प्रतिशत स्कूलों में ही कम्प्यूटर लगाये गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के जिन-जिन स्कूलों में कम्प्यूटर लगाये हैं, उनमें आजतक कक्षाएँ शुरू नहीं किया गया है, जिसके कारण छात्र/छात्राओं को कम्प्यूटर की जानकारी नहीं मिल रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी स्कूलों में कम्प्यूटर लगाने एवं कम्प्यूटर का पाठ्यक्रम शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क दुर्घटना रोकना

4. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 सितम्बर, 2023 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''सड़क दुर्घटनाओं में मौत का औसत 30 प्रतिशत बढ़ा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2020 से 2022 तक 28,993 सड़क दुर्घटना में 23,257 व्यक्ति की मृत्यु हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष दुर्घटना एवं मृत्यु की संख्या में पिछले वर्ष से वृद्धि हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सड़क दुर्घटना रोकने एवं कम करने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

प्रोत्साहन राशि का भुगतान

5. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में दिनांक 1 अप्रील, 2021 से 31 मार्च, 2023 तक की अवधि में स्नातक उत्तीर्ण होने वाली 1.33 लाख छात्राओं को देय 50,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना का लाभ दिलाना

6. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 सितम्बर, 2023 को प्रकाशित शीर्षक ''पानी की व्यवस्था नहीं होने से 2.23 लाख बच्चे मध्याह्न भोजन से वंचित'' को ध्यान में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला में 499, पटना में 116, जमुई में 66, गया में 54, औरंगाबाद में 54, नवादा में 85, सारण में 44 सहित अन्य जिलों के 1161 प्राथमिक व मध्य विद्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालयों में पानी की अनुपलब्धता के कारण 2.23 लाख पढ़ने वाले बच्चों को मध्याह्न भोजन योजना का लाभ नहीं मिलता है तथा पानी के लिये बच्चों को तरसना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में पानी की व्यवस्था कराकर बच्चों को मध्याह्न भोजन योजना का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 7 नवम्बर, 2023 (ई0) ।

राज कुमार-1,
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि0स0मु0, 55(एल0ए0), 2023-24-डी0टी0पी0-550